**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:11.02.2022**

## SATYAJAY TIMES

# सेमिनार का आयोजन

**पलवल, 11 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/उमंग वालिया।** राष्टीय राजमार्ग स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीटूशन्स के प्रांगण में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ई- लर्निंग और आज के समय में उसकी उपयोगिता के ऊपर एक सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमे 2 महतपूर्ण वक्ता डॉ कोमल भाटिया डीन चेयरपर्सन, डॉ नीलम दुहान एसोसिएट प्रोफेसर (उए) डायरेक्टर को आमंत्रित किया गया। जैसा कि ज्ञातव्य है कि संस्था के चेयरमैन संजीव चंद्रा जी हमेशा विद्यार्थियों एवं अध्यापको को ऑनलाइन शिक्षा हेतु हमेशा प्रेरित करते रहते है ।




डॉ कोमल भाटिया ने ई- लर्निंग और आज के समय में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में हमे ई- लर्निंग को ना केवल एक मजबूरी के रूप में बल्कि उसे एक महत्पूर्ण अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। कोरोना के बाद से ई - लर्निंग में ना केवल विद्यार्थियों की बल्कि अध्यापको की रूचि भी बढ़ी है। एक समय में जब ये महामारी आयी तो शुरूआत में शिक्षण, मूल्यांकन और प्रयोगशाला कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जाना बहुत मुश्किल था । बहुत ही कम समय में चीजे बहुत तेजी से बदल गयी परन्तु निकट भविष्य में आमने सामने और ऑनलाइन सीखने का संयोजन छात्रों को स्थान, गति और पथ के सन्दर्भ में कुछ लचीलापन देगा।

उम्मीद है कि आने वाले समय में विद्यार्थियों में ऑनलाइन शिक्षा के प्रति रूचि ओर बढ़ेगी। उसी के साथ डॉ नीलम दुहान ने कहा कि आज शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप बदल गया है। आज विद्यार्थियों के पास अनेको ऐसे ऑप्शन है जिनका प्रयोग वो अपने ज्ञान वर्धन के लिए करते है। आज का युग ऑनलाइन शिक्षा का ही युग है । आज पढाई केवल क्लासरूम तक सीमित नहीं रह गयी है बल्कि विद्यार्थियों के पास बहुत सारे ऐसे संसाधन उपलब्ध है जिनका उपयोग करके वो अपनी पढाई के साथ-साथ अपने कौश्ल को ओर अच्छा बना सकते है। चाहे SWAYAM हो या NPTEL ऐसे बहुत सारे मूक कोर्सेज है जिनका लाभ उन्हें आने वाले निकट भविष्य में मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों के NPTEL से सम्बंधित प्रश्नों का भी उत्तर दिया। सेमीनार में सभी विद्यार्थी प्रधानाचार्य डॉ आर आर पांडेय, प्राचार्य एजुकेशन डॉ लक्ष्मी शर्मा, प्राचार्य फामेर्सी डॉ अर्पणा राणा, संयोजक डॉ नेहा आर्य एच.ओ.डी मैनेजमेंट विभाग एवम सभी अध्यापकगण मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING:11.02.2022**

# PIONEER

# कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा एनिमेशन और मल्टीमीडिया के विद्यार्थियों के लिए अडोबी फोटोशॉप के व्यावसायिक उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संसद टीवी के वरिष्ठ प्रबंधक मोहित जैन मुख्य वक्ता रहे। शुरुआत में डॉ. पवन मलिक, एसोसिएट प्रोफेसर, संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने अपने स्वागत वक्तव्य से की और मुख्य वक्ता मोहित जैन का परिचय छात्रों को दिया। मोहित जैन ने छात्रों से रुबरु होते हुए अडोबी फोटोशाप के व्यावसायिक उपयोग पर चर्चा की।

**NEWS CLIPPING:11.02.2022**

# AMAR UJALA

## फोटो एडिटिंग में करियर के टिप्स दिए

फरीदाबाद। वाईएमसीए में गुरुवार को संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग की ओर से एनिमेशन और मल्टीमीडिया के छात्रों के लिए अडोब फोटोशॉप के व्यावसायिक उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान संसद टीवी के वरिष्ठ प्रबंधक मोहित जैन मुख्य वक्ता रहे। इसके बाद मुख्य वक्ता ने छात्रों से रुबरु होते हुए अडोबी फोटोशाप के व्यावसायिक उपयोग पर चर्चा की।

**NEWS CLIPPING:11.02.2022**

# DAINIK JAGRAN

## छात्रों को दिया फोटोशाप का ज्ञान

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा एनिमेशन और मल्टीमीडिया के विद्यार्थियों के लिए एडोब फोटोशाप के व्यावसायिक उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संसद टीवी के वरिष्ठ प्रबंधक मोहित जैन मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा.पवन मलिक ने मुख्य वक्ता मोहित जैन का परिचय छात्रों से कराया। मोहित जैन ने छात्रों से रूबरू होते हुए एडोब फोटोशाप के व्यावसायिक उपयोग पर चर्चा की। उन्होंने विभिन्न डिजाइनों का उदाहरण देते हुए डिजाइन करने के चरणों को विस्तार से समझाया। मोहित जैन ने एनिमेशन और मल्टीमीडिया में आने वाले अवसरों और चुनौतियों को लेकर भी छात्रों से चर्चा की। छात्रों को एनिमेशन और मल्टीमीडिया के प्रैक्टिकल पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। अंत में एनिमेशन और मल्टीमीडिया के सहायक प्रोफेसर आदित्य गंगवार ने अतिथि वक्ता का धन्यवाद किया। कार्यशाला का आयोजन लिबरल आट्र्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन डा.अतुल मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

**NEWS CLIPPING:11.02.2022**

# HINDUSTAN

## फोटोशॉप के लिए कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने एनिमेशन और मल्टीमीडिया के विद्यार्थियों के लिए फोटोशॉप के व्यावसायिक उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें संसद टीवी के वरिष्ठ प्रबंधक मोहित जैन मुख्य वक्ता रहे। जैन ने छात्रों को फोटोशॉप के व्यावसायिक उपयोग पर चर्चा की। उन्होंने डिजाइन करने के चरणों को विस्तार से समझाया। जैन ने अवसरों और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। संवाद